Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding stoppage of some trains at Mohna Railway Station.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): माननीय सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र के डबरा और मोहना स्टेशनों पर रेलवे के स्टॉपेज के बारे में मैं माननीय रेल मंत्री जी से आपके माध्यम से निवेदन करना चाह रहा हूँ।

महोदय, मोहना और डबरा स्टेशनों पर कोविड के पूर्व जिन ट्रेनों का ठहराव होता था, वह ठहराव बंद कर दिया गया है। इन ट्रेनों का संचालन फिर से होने के बाद भी इनका मोहना रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं दिया गया है। ये ट्रेनें हैं इटावा-कोटा एक्सप्रेस गाडी संख्या - 19812, ग्वालियर-भोपाल एक्सप्रेस गाडी संख्या 12198 और ग्वालियर-रतलाम एक्सप्रेस गाडी संख्या 11126 हैं। इसके चलते इस अंचल के यात्रियों को इन्दौर, भोपाल सहित अनेक स्थानों पर जाने के लिये ग्वालियर या शिवपुरी आना पडता है। मेरा अनुरोध है कि क्षेत्रवासियों को आवागमन में हो रही परेशानी के चलते उपरोक्त ट्रेनों का स्टॉपेज मोहना रेलवे स्टेशन पर आप पुन: करवाने का कष्ट करें।

इसी तरह गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन कोविड काल के बाद प्रारंभ हुआ, परंतु इसका ठहराव डबरा स्टेशन पर समाप्त कर दिया गया है। डबरा एवं इसके आस-पास के क्षेत्र के लोगों के लिये छत्तीसगढ और महाराष्ट्र के साथ-साथ दिल्ली आवागमन के लिये यही एक महत्वपूर्ण ट्रेन है। मेरा अनुरोध है कि डबरा में गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन का पुनः ठहराव किया जाये और लोगों की समस्या का समाधान किया जाए। धन्यवाद।